उ0 प्र0 पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड
ई–निविदा सूचना संख्या–09–वि0प्रे0मं0प्र0(वा0)/2026–2027

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों/अधिकृत विक्रेताओं/निर्माताओं से जो कि ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाइट www.etender.up.nic.in में पंजीकृत हो निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु मोहर बन्द निविदायें दो भागों में निविदा खुलने की दिनांक के एक दिन पूर्व 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो अगले दिन क्रमशः 15:00 बजे भाग–1 एवं 16:00 बजे भाग–2 सार्वजनिक रुप से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदादाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष, अधोहस्ताक्षरी/उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा आनलाइन खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर निर्धारित समय तक स्वीकार की जायेगी एवं निर्धारित समय पर खोली जायेगी। भाग–1 में निविदा प्रपत्र मूल्य (नान रिफन्डेबिल) एवं धरोहर धनराशि जो कि S.E.ETC, Varanasi के खाता संख्या **4045002101942734** एवं IFSC कोड **PUNB0404500** बैंक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा भिखारीपुर, वाराणसी में अलग–अलग RTGS/NEFT द्वारा जमा करना होगा, (किसी अन्य माध्यम से निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि स्वीकार नहीं किया जायेगा)। निविदा प्रपत्र, पैन कार्ड, व्यापार कर, जी0एस0टी0 पंजीकरण एवं इन्कम टैक्स रिटर्न प्रपत्र एवं समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की स्वंय प्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि जमा करने का प्रमाण पत्र जो कि बैंक द्वारा प्राप्त हो तथा तकनीकी बिड यदि कोई हो, संलग्न करना अनिवार्य है। भाग–2 में दरें एवं वाणिज्यक नियम व शर्तें होनी चाहियें।

अति अल्पकालिक ई0 निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण:- 09/ई0टी0सी0(वा0)/2026-27 **विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम वाराणसी के नियंत्रणाधीन 220/132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित परिवर्तकों के ओ.एल.टी.सी. सिस्टम के सर्विस एवं ओवरहालिंग से सम्बन्धित कार्य ।** **निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0** 590.00 (**जी0एस0टी0 सहित**), **निविदा धनरोहर धनराशि** 5,500.00
निविदा की अन्तिम तिथि- 11.05.2026 **समय** 12:00 **बजे।**
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

निविदा का भाग–1 (निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, प्रमाण पत्र एवं तकनीकी बिड मूल रूप में एवं पैन कार्ड, व्यापार, जी0एस0टी0 पंजीकरण, इन्कम टैक्स रिटर्न प्रपत्र एवं समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की स्वंय प्रमाणित छायाप्रति तथा पूर्व निर्धारित योग्यता सम्बन्धी (PQC) प्रपत्र एवं भाग–2 प्राइसबिड (दरें एवं शर्तें) निविदा खलुने की तिथि के एक दिन पूर्व 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जा सकती है तथा अगले दिन निविदा का भाग–1 15:00 बजे एवं भाग–2 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से आनलाइन खोला जायेगा। कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर विस्तृत जानकारी, विवरण/डाउनलोड तथा अन्य किसी प्रकार के संशोधन/विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि के पूर्व 12:00 बजे तक लॉग ऑन करें। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

“राष्ट्र हित में बिजली बचायें”

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत प्रेषण मण्डल प्रथम वाराणसी

Signature Not Verified
Digitally signed by DINESH CHANDRA DIXIT
Date: 2026.04.27 16:37:33 IST
Location: Uttar Pradesh-UP